बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं0 संख्या : 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) बेगूसराय–20/2022 12403 **पटना, दिनांक** : 11/06/2024

आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय का पत्रांक 551 दिनांक 14.03.2024 द्वारा श्री राजेश कुमार, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो (Emp Id : SKN00630) के विरुद्ध दिनांक 03.12.2022 से अब तक अनुपस्थित रहने की सूचना अंकित करते हुए अनुशासनिक कार्रवाई करने की अनुशंसा भेजी गयी है। बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय द्वारा अपने पत्रांक 641 दिनांक 04.04.2024 द्वारा पुनः उक्त आशय का ही अनुशंसा की गयी है।

प्राप्त अनुशंसा के आलोक में निदेशालय पत्रांक 1527 दिनांक 21.03.2024 द्वारा श्री कुमार से 03 (तीन) दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की माँग की गयी है। स्पष्टीकरण अप्राप्त रहने के कारण इस कार्यालय के पत्रांक 1916 दिनांक 24.04.2024 द्वारा स्मारित करते हुए पुनः स्पष्टीकरण की माँग की गयी है। श्री कुमार द्वारा दो माह बाद भी स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया है, जो कि वरीय पदाधिकारी के आदेश की अवहेलना एवं स्वेच्छारिता का द्योतक है।

बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में नैसर्गिक न्याय का पालन करते हुए दिनांक 03.12.2022 से अब तक अनुपस्थित रहने के विरुद्ध अपना पक्ष रखने का अवसर श्री कुमार को दो बार दिया गया, परन्तु स्पष्टीकरण समर्पित नहीं करना उच्च पदाधिकारियों के आदेशोल्लंघन के साथ–साथ लापरवाही को भी दर्शाता है। इससे स्पष्ट है कि बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा इन पर लगाए गए आरोप सत्य है।

बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम एक समयबद्ध योजना है। इतनी लम्बी अवधि तक अपने कर्त्तव्य से अनाधिकृत अनुपस्थित रहना सर्वेक्षण कार्य को बाधित करने जैसा है। अतः बन्दोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में **बिहार सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम 8 (4)** में वर्णित प्रावधान के तहत अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित रहने के कारण श्री राजेश कुमार, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो (Emp Id : SKN00630), बन्दोबस्त कार्यालय, बेगूसराय का संविदा नियोजन समाप्त किया जाता है।

(जय सिंह) 11/6/24
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) बेगूसराय–20/2022 12403 **पटना, दिनांक** : 11/06/2024

प्रतिलिपि :–बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) बेगूसराय–20/2022 12403 **पटना, दिनांक** : 11/06/2024

प्रतिलिपि :–श्री राजेश कुमार, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो (Emp Id : SKN00630), बन्दोबस्त कार्यालय, बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Kavita-Y-2024\Bablu Ji\Order\20-2022-29-05-2024.Doc

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) बेगूसराय–20/2022 12403 पटना, दिनांक 11/06/2024

प्रतिलिपि :–श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड हेतु प्रेषित।

साथ ही निदेशित किया जाता है कि इसकी स्कैन कॉपी R2R के सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत संधारित उक्त कर्मी की व्यक्तिगत संचिका में भी अपलोड करें।

6/6/24

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप